Agreements between India and Luxemburg

*46. SHRI RAGHAVJI:
PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether any agreements have been entered between India and Luxemburg during the recent visit of the Prime Minister of Luxemburg to India; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI JASWANT SINGH): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

कृषि परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता

*47. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन राज्य सरकारों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने विभिन्न कृषि परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय सहायता का आबंटन किए जाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजे हैं;

(ख) सरकार ने अब तक कितनी परियोजनाओं को अनुमोदित कर दिया है और वित्तीय सहायता जारी कर दी है;

(ग) सरकार ने पंजाब, महाराष्ट्र और गुजरात की कितनी और कौन-कौन सी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता जारी की है; और

(घ) विचाराधीन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और उन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान की जाएगी?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोमपाल): (क) से (घ) कृषि और सहकारिता विभाग द्वारा राज्यों की कृषि परियोजनाओं के लिये केन्द्रीय सहायता नौवीं पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित केन्द्रीय क्षेत्र के और केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के ढांचे के अंतर्गत प्रदान की जा रही है और इनका कार्यान्वयन देश में कृषि विकास के लिये किया जा रहा है।

नौवीं पंचवर्षीय योजना के पहले दो वर्षों के दौरान पंजाब, महाराष्ट्र तथा गुजरात सहित विभिन्न राज्यों को दी गई केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

विवरण

नौवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान केन्द्रीय/केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत कृषि विकास के लिए निर्मुक्त की गई राज्यवार धनराशि।

(रुपये लाखों में)

क्र० सं०	राज्य का नाम	1997-98	1998-99 (1.10.98 के अनुसार)
1	2	3	4
1.	आन्ध्र प्रदेश	7725.48	3513.50
2.	अरुणाचल प्रदेश	504.66	216.34
3.	असम	397.48	256.90
4.	बिहार	1198.83	335.91
5.	गोवा	100.06	122.40
6.	गुजरात	4066.30	3105.54
7.	हरियाणा	2913.54	1111.06
8.	हिमाचल प्रदेश	1152.47	451.43